भ्रष्टाचार | सीमेंट का घोल पोतकर की जा रही खानापूर्ति, ग्रामीणों ने उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी शुगर मिल वाली सड़क



**नवभारत/ नरसिहंपुर/ साईखेड़ा।** तूमड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली शुगर मिलङ्क तूमड़ाङ्क साईखेड़ा सड़क आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। लाखों की लागत से बनी यह सड़क पूरी तरह उखड़ चुकी है, जिससे राहगीरों और ग्रामीणों का पैदल चलना भी दूभर हो गया है। हैरानी की बात यह है कि शिकायतों के बाद जब मरम्मत शुरू हुई, तो गुणवत्ता की धज्जियां उड़ाते हुए सड़क पर महज सीमेंट का पतला घोल पोतकर खानापूर्ति की जा रही है। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने अब शासन-प्रशासन के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। जिम्मेदार मौन, ठेकेदार की मनमानी चरम पर ग्रामीणों का आरोप है कि लोक निर्माण विभाग (PWD) के अधिकारियों और ठेकेदार की मिलीभगत के कारण सड़क का निर्माण और मरम्मत कार्य घटिया स्तर का हो रहा है। सड़क की गिट्टियां बाहर निकल आई हैं और बड़े-बड़े गड्ढे दुर्घटनाओं को निमंत्रण दे रहे हैं। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर, PWD विभाग और CM हेल्पलाइन तक गुहार लगाई, लेकिन नतीजा सिफर रहा। आरोप है कि संबंधित ठेकेदार अपनी रसूख के दम पर मनमानी कर रहा है और जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदकर बैठे हैं। CM हेल्पलाइन पर शिकायत दबाने का षड्यंत्र क्षेत्र के जागरूक नागरिक स्वदेश त्रिवेदी ने बताया कि उन्होंने इस समस्या को लेकर CM हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई थी। त्रिवेदी का आरोप है कि विभाग द्वारा उन पर शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया गया। जब उन्होंने समझौता नहीं किया, तो षड्यंत्र के तहत ठेकेदार को एक फर्जी पत्र जारी कर मामला रफा-दफा करने की कोशिश की गई। उन्होंने कहा, सात दिन की चेतावनी के बाद चार महीने बीत गए, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। ऐसा लगता है कि प्रशासन जानबूझकर गारंटी पीरियड समाप्त होने का इंतजार कर रहा है ताकि ठेकेदार को बचाया जा सके। न्यायालय की शरण में जाएंगे ग्रामीण, जाम होगा स्टेट हाईवे वहीं, सुरेन्द्र सिंह राजपूत ने प्रशासन को दोटूक चेतावनी देते हुए कहा कि अब शिकायतों का समय निकल चुका है। प्रशासनिक उदासीनता से तंग आकर ग्रामीण अब न्यायालय की शरण में जाने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही गुणवत्तापूर्ण सड़क का निर्माण नहीं



हुआ, तो क्षेत्र की जनता स्टेट हाईवे पर चक्काजाम और उग्र प्रदर्शन करेगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## कलेक्टर ने किया बरमान मेले का निरीक्षण

**नवभारत/नरसिंहपुर।** कलेक्टर रजनी सिंह और पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा ने गुरूवार को मकर संक्रांति के अवसर पर लगने वाले ऐतिहासिक बरमान मेले का निरीक्षण किया। उन्होंने सम्पूर्ण मेले का निरीक्षण कर श्रद्धालुओं व नागरिकों से चर्चा की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए बरमान के नर्मदा नदी घाट, दुकानों, अस्थाई पुलिस थाना सहित सम्पूर्ण मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया। मेले में दो पहिया वाहन लाने वाले वाहन चालक के विरूद्ध चालानी कार्रवाई की गई। उन्होंने मेले की सुरक्षा व अन्य व्यवस्थाओं में लगे अधिकारी- कर्मचारियों को निर्देश दिए कि मेले में आने वाले नागरिकों व श्रद्धालुओं की सुरक्षा और अन्य सुविधाओं में किसी भी तरह की लापरवाही न हो। दुकानों के निरीक्षण के दौरान दुकानों में रखे अग्निशमन यंत्र को अपने समक्ष चलवा कर देखा। स्नान करते समय किसी भी तरह दुर्घटना न हो, इसे लेकर अधिकारियों ने घाटों में जाकर सुरक्षा व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से नर्मदा नदी की गहराई में श्रद्धालुओं को जाने से रोकने के लिए लगाए गए बैरिकेडिंग व सांकेतिक चिन्ह और अन्य सुरक्षा उपकरणों का अवलोकन किया।

# द्वितीय क्रमोन्नति से रखा जा रहा वंचित

**नवभारत/तेंदूखेड़ा।** प्रदेश का जबलपुर संभाग शिक्षकों के हितों के लिए अपने खुद के बनाए नियमों पर चल रहा है। यहां पर हाईकोर्ट के आदेश को भी दरकिनार कर द्वितीय क्रमोन्नति के लाभ से वंचित रखा जा रहा है। जिसमें जबलपुर संभाग के 7 जिलों के शिक्षक आर्थिक लाभ से बंचित हैं। संभाग में कार्यरत जिन माध्यमिक शिक्षकों की पदोन्नति उच्च माध्यमिक शिक्षक पद पर हो चुकी है। उन्हें अपने से जूनियर शिक्षकों से कम वेतन मिल रहा है। यह कारनामा जबलपुर संभाग के तत्कालीन संयुक्त संचालक की मनमानी और हठधर्मिता के कारण निर्मित हुई है। दरअसल इन शिक्षकों को 24 साल की सेवा पूरी होने के बाद भी द्वितीय क्रमोन्नति का लाभ नहीं दिया गया है।जबकि इन्हीं शिक्षकों के साथ नियुक्त माध्यमिक शिक्षकों को द्वितीय क्रमोन्नत वेतनमान मिल जाने से सीनियर शिक्षकों का वेतन जूनियर से कम हो गया है। पदोन्नति प्राप्त करने वाले ऐसे शिक्षकों की संख्या नरसिंहपुर जिले में 47 और पूरे जबलपुर संभाग में 369 हैं। इन शिक्षकों ने बताया कि मध्यप्रदेश के दूसरे संभागों में पिछले साल ही द्वितीय क्रमोन्नति आदेश जारी कर दिए गए हैं। जबकि जबलपुर संभाग के संयुक्त संचालक ने इन शिक्षकों के क्रमोन्नति आदेश रोक दिए थे। संयुक्त संचालक कार्यालय में पदस्थ अधिकारियों का मानना है कि इन शिक्षकों को एक क्रमोन्नति और एक पदोन्नति मिल चुकी है। इसलिए दूसरी क्रमोन्नति नहीं मिल सकती। दरअसल शिक्षा विभाग के नियमानुसार शिक्षकों को दो उच्चतर वेतनमान ही मिल सकते हैं। जबकि लाभ से बंचित इन शिक्षकों का कहना है कि उन्हें पहली क्रमोन्नति के बाद पदोन्नति में उच्चतर वेतनमान नहीं मिला है इस बात का उल्लेख उनकी सर्विस बुक में भी है। परन्तु विभागीय पदोन्नति समिति इस बात को नजरंदाज कर शिक्षकों को अनावश्यक परेशान कर उनके आर्थिक लाभ से बंचित कर रही है। वेतनमान विसंगति का शिकार हुए ये शिक्षक वर्ष 1998 में शिक्षाकर्मी वर्ग 2 के पद पर नियुक्त किए गए थे। 2007 में इन शिक्षाकर्मियों का अध्यापक संवर्ग में संविलयन हुआ तो इन्हें अध्यापक पदनाम मिल गया।12 वर्ष पूर्ण होने पर शासन के नियमानुसार इन्हें 2010 में प्रथम क्रमोन्नति मिल चुकी है। इनमें से वरिष्ठता के आधार पर 2011 से 2015 तक इन शिक्षकों को पदोन्नति देकर वरिष्ठ अध्यापक तो बना दिया लेकिन इन्हें उच्चतर वेतनमान नहीं दिया। कुछ शिक्षकों को पदोन्नति पर वेतनमान मिला तो विभाग द्वारा इसे गलत मानकर इसकी रिकवरी कर दी। इन सभी शिक्षकों की 24 वर्ष की सेवा अवधि 2022 में पूरी होने के बाद भी आज दिनांक तक द्वितीय क्रमोन्नति का लाभ नहीं मिला है। अब ऐसे तमाम शिक्षक लामबंद हो चुके हैं। बताया जाता है कि जबलपुर संभाग के इन शिक्षकों के द्वितीय क्रमोन्नति के आदेश रोके हुए हैं।

### शिक्षकों को लाभ से वंचित रखना भेदभाव

शिक्षकों का कहना है कि यह मामला अब केवल क्रमोन्नति तक सीमित नहीं रहा बल्कि समानता न्याय और संवैधानिक अधिकारों का प्रश्न बन चुका है। एक ही शासन, एक ही विभाग और एक ही सेवा नियम होने के बावजूद केवल जबलपुर संभाग के शिक्षकों को इस लाभ से वंचित रखना स्पष्ट रूप से भेदभाव को दर्शाता है। शिक्षकों के संगठन उच्च माध्यमिक शिक्षक संघ व मध्यप्रदेश शिक्षक संघ सहित राज्य शिक्षक संघ ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही द्वितीय क्रमोन्नति लागू कर वेतन विसंगति समाप्त नहीं की गई, तो वे न्यायालय की अवमानना याचिका राज्यस्तरीय आंदोलन तथा मीडिया के माध्यम से व्यापक जनदबाव बनाने के लिए बाध्य होंगे।

## अनियंत्रित बाइक खड़े कंटेनर से टकराई, हादसे में 3 लहूलुहान



**नवभारत/ गोटेगांव।** समीप मुंगवानी थाना क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर बकोरी टोल प्लाजा के पास दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहाँ एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े कंटेनर में पीछे से जा घुसी। इस भिड़ंत में बाइक पर सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और युवक काफी दूर तक घिसटते चले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ठेमी थाना क्षेत्र के ग्राम बेदू निवासी सुरेंद्र नौरिया (32), बब्बू (36) और दीवान सिंह (26) एक ही बाइक पर सवार होकर किसी कार्यवश जा रहे थे। जैसे ही वे बकोरी टोल प्लाजा के समीप पहुंचे, चालक ने बाइक पर से नियंत्रण खो दिया और बाइक सीधे कंटेनर से जा टकराई। हादसे में तीनों युवकों के सिर, हाथ और पैरों में गंभीर चोटें आई हैं।घटना के तुरंत बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

टोल प्लाजा के कर्मियों ने तत्काल 1033 एम्बुलेंस को सूचना दी। घायलों को त्वरित उपचार के लिए जिला अस्पताल नरसिंहपुर में भर्ती कराया गया है।

## विकास की राह में बड़ा कदम ; पशु बाजार से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू



**नवभारत/साईखेड़ा।** नगर के सर्वांगीण विकास और यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए नगर परिषद ने कमर कस ली है। नगर परिषद प्रशासन द्वारा पशु बाजार क्षेत्र में व्यापक स्तर पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही शुरू कर दी गई है। इस स्थान पर जल्द ही आधुनिक सुख-सुविधाओं से लैस नवीन बस स्टैंड और व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया जाएगा। अतिक्रमण पर चला पीला पंजा काफी समय से पशु बाजार की भूमि पर हुए अवैध कब्जों के कारण विकास कार्यों में बाधा आ रही थी। । परिषद मुख्य नगर पालिका जेपी रजक ने सख्त रूप से सभी अतिक्रमण कार्यों को चेतावनी दी है अतिक्रमण खत्म करें नहीं तो जल्दी जेसीबी का चलेगा पंजा ,कुछ स्थानों पर मामूली विरोध भी देखा गया, लेकिन प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए विकास के मार्ग को प्रशस्त किया। नगर को मिलेगी नई पहचान अध्यक्ष अग्रवाल नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती स्वाति सचिन अग्रवाल ने चर्चा के दौरान बताया कि साईखेड़ा नगर की बढ़ती आबादी और भविष्य की जरूरतों को देखते हुए एक व्यवस्थित बस स्टैंड की नितांत आवश्यकता थी। उन्होंने कहा हमारा लक्ष्य साईखेड़ा को एक आदर्श नगर बनाना है। नवीन बस स्टैंड बनने से न केवल यात्रियों को धूप और बारिश से निजात मिलेगी, बल्कि शहर के मुख्य मार्गों पर लगने वाले ट्रैफिक जाम की समस्या भी स्थाई रूप से खत्म हो जाएगी। इसके साथ ही बनने वाला नवीन कॉम्प्लेक्स शहर के आर्थिक विकास का नया केंद्र बनेगा ।

### क्या होंगी सुविधाएं

**आधुनिक बस स्टैंड:** यात्रियों के बैठने के लिए प्रतीक्षालय, स्वच्छ पेयजल और शौचालय की व्यवस्था। व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स स्थानीय छोटे और मध्यम व्यापारियों के लिए दुकानों का आवंटन, जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। सुव्यवस्थित आवागमन बसों के खड़े होने के लिए पर्याप्त पार्किंग स्पेस, जिससे बाजार में अव्यवस्था नहीं फैलेगी। नगर वासियों में हर्ष का माहौल नगर परिषद की इस पहल का स्थानीय नागरिकों ने स्वागत है बुद्धिजीवियों का मानना है कि अतिक्रमण हटने और नई सुविधाओं के आने से साईखेड़ा की तस्वीर बदलेगी और यह क्षेत्र एक प्रमुख व्यापारिक केंद्र के रूप में उभरेगा।

## ओवरनाइट एक्सप्रेस के ठहराव के लिए रेल प्रशासन से गुहार




**नवभारत/गोटेगांव।** नगर के श्रीधाम स्टेशन से कभी गरीब जनता की जीवनरेखा मानी जाने वाली ट्रेनें आज बंद पड़ी हैं, जिससे आम नागरिक और विद्यार्थी बेहद परेशान हैं। बंद पड़ी शटल और फास्ट पैसेंजर गाड़ियों को पुन: चालू करने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। नागरिकों का कहना है कि उन्होंने कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों को इस गंभीर समस्या से अवगत कराया, लेकिन उनकी रहस्यमयी चुप्पी ने अब जनमानस में रोष पैदा कर दिया है। क्षेत्र के नागरिकों और पालकों ने पुरजोर मांग की है कि इंदौर में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए रेल प्रशासन को ओवरनाइट एक्सप्रेस का स्टॉपेज श्रीधाम में अनिवार्य रूप से देना चाहिए। वर्तमान में इंदौर जाने के लिए एकमात्र विकल्प नर्मदा एक्सप्रेस है, जो करीब 13 घंटे का समय लेती है, जबकि ओवरनाइट एक्सप्रेस से यह सफर मात्र 9 घंटे में पूरा हो सकता है। यात्रियों का तर्क है कि यह ट्रेन पिपरिया और मदन महल स्टेशनों पर अक्सर समय से पूर्व पहुंचकर आधा-आधा घंटा खड़ी रहती है।

### एक नजर में



## कथा ने श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

**नवभारत/गोटेगांव।** अंतर्गत ग्राम सुकरी में आयोजित साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस पर कथा व्यास श्री रामनरेश शास्त्री (मेडवानी वाले) ने सृष्टि की उत्पत्ति के रहस्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भगवान ने जब एक से बहुत होने की इच्छा की, तो अपनी माया से काल, कर्म और स्वभाव को स्वीकार किया। काल के प्रभाव से गुणों में क्षोभ उत्पन्न हुआ और स्वभाव ने उसे रूपांतरित कर दिया, जिससे अहंकार, आकाश, वायु, तेज, जल और पृथ्वी जैसे तत्वों का जन्म हुआ। इन तत्वों के मिलन से ही ब्रह्मांड की रचना हुई। शास्त्री जी ने विराट पुरुष के प्राकट्य का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान ने सहस्त्र मुख और अंगों वाले विराट रूप को प्रकट किया, जिनके मुख से ब्राह्मण, भुजाओं से क्षत्रिय, जांघों से वैश्य और चरणों से शूद्रों की उत्पत्ति हुई। नर से उत्पन्न होने के कारण जल को नार कहा गया और भगवान का नाम नारायण प्रसिद्ध हुआ। कथा में बताया गया कि सृष्टि दस प्रकार की होती है, जिसमें छह प्राकृत और चार विकृत सृष्टियां शामिल हैं। कथा के मुख्य यजमान हेमराज पटेल, पूरन यादव और चोबाराम ठाकुर रहे। इस अवसर पर गोकल पटेल, भदई ठाकुर, झलकन पटेल, सत्य सिंह, मोनू सहित ब ?ी संख्या में माताएं, बहनें और श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिन्होंने भक्ति भाव से कथा का श्रवण किया।

## गोविंद राय का निधन



**नवभारत/गोटेगांव।** विगत दिवस नगर के प्रतिष्ठित नागरिक शिव प्रिंटिंग प्रेस कलारी मोहल्ला निवासी हरि ओम राय एवं शंकर राय के पिताश्री से प्रिंटिंग प्रेस वालों गोविंद राय जी का आकस्मिक निधन हो गया है,आप सहज सरल मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे,आपके निधन का समाचार प्राप्त होतेही परिवार जनों व शुभचिंतकों में गहरा शोक व्याप्त हो गया। अंतिम संस्कार शव यात्रा में सभी वर्ग समुदाय के लोगों सहित विभिन्न राजनैतिक सामाजिक व स्वयंसेवी संगठनों के जनप्रतिनिधियों ने स्थानीय मुक्तिधाम में बड़ी संख्या में शामिल होकर दाह संस्कार करने के उपरांत उपस्थित जनों ने श्री रायजी की दिवंगत आत्मा की शांति हेतु अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संतृप्त परिवार जनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्तकर शोकाकुल परिवार जनों को इस गहन दुख सहन करने हेतु परमपिता परमात्मा से प्रार्थना की।

## राशन दुकान या दलालों का अड्डा, गरीबों के निवाले पर जिम्मेदारों और बिचौलियों की नजर




**नवभारत/गोटेगांव।** स्थानीय नगर की सरकारी उचित मूल्य की दुकानों पर इन दिनों वितरण प्रक्रिया में भारी अनियमितता और कालाबाजारी का बोलबाला है। राशन कार्ड धारकों का आरोप है कि दुकानों पर दलालों का जमावड़ा लगा रहता है, जो गरीब हितग्राहियों से सस्ते दामों पर राशन खरीदकर उसे ऊंचे दामों पर बाजार में बेच रहे हैं। राशन धारियों ने बताया कि जैसे ही वे अनाज लेकर बाहर निकलते हैं, दलाल उन पर कम दाम में राशन बेचने का दबाव बनाने लगते हैं। आर्थिक मजबूरी के चलते कई जरूरतमंद इन दलालों के जाल में फंस जाते हैं, जिससे सरकारी योजना का मुख्य उद्देश्य ही विफल हो रहा है।

### अधिकारी और तुलैया भी संदेह के घेरे में

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस खेल में केवल बाहरी दलाल ही नहीं बल्कि राशन केंद्रों पर तैनात कुछ जिम्मेदार अधिकारी और तुलैया भी कथित तौर पर शामिल हैं। बताया जा रहा है कि कई केंद्रों पर अधिकारी सीधे हितग्राहियों से राशन की पर्ची लेकर और उन्हें कुछ नकद राशि थमाकर पूरा राशन खुद रख लेते हैं। बाद में इसी राशन को बोरी में भरकर बाहर खड़े दलालों को बेच दिया जाता है, जिससे यह कर्मचारी दोहरा मुनाफा कमा रहे हैं।

### प्रशासन की चुप्पी पर उठ रहे सवाल

शहर में यह मुद्दा जन चर्चा का विषय बना हुआ है, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। सामाजिक कार्यकर्ताओं और पीड़ित राशनधारियों ने मांग की है।

## महिलाओं ने बरमान मेला में लगाया गया स्टॉल

**नवभारत/नरसिंहपुर।** मकर संक्रांति के अवसर पर बरमान मेले के दौरान कलेक्टर रजनी सिंह के निर्देशानुसार विभिन्न विभागों द्वारा अपनी विभागीय प्रदर्शनी लगाई है। मप्र डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत हौंसलों की उड़ान के अंतर्गत बरमान मेला में स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा विभिन्न उत्पादों के स्टॉल लगाया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा व सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश निरीक्षण कर उत्पादों की खरीददारी की। मेले के दौरान स्वच्छता के उद्देश्य से प्लास्टिक युक्त दोना-पत्तल के स्थान पर माहुल के पत्ते के उपयोग को बढ़ावा दिया गया। साथ ही माहुल के पत्तों का विक्रय किया गया। इस दौरान आजीविका मेला कार्यक्रम नोडल ज्वाला करोसिया, सहायक नोडल अनिल नेमा, स्टाल/ उत्पाद व्यवस्था प्रमोद पारे सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी, स्वसहायता समूह की सदस्य व सीआरपी मौजूद थे।



## दिगम्बर जैन समाज के युवाओं ने की अतिशय क्षेत्र की पदयात्रा

**नवभारत/तेंदूखेड़ा** विगत दिवस मकर संक्रांति के अवसर पर आर्यिका बृषभमति माता जी की स्मृति में लगातार पांचवें वर्ष पैदल यात्रा करते हुए तेंदूखेड़ा दिगम्बर जैन समाज के युवाओं द्वारा तीर्थ स्थल श्री शांतिनाथ अतिशय क्षेत्र वीना बारहा पहुंचे। और सभी युवाओं ने शांति नाथ जी भगवान का अभिषेक पूजन विधान एवं सहभोज में भाग लिया। इस मौके पर तीर्थ क्षेत्र कमेटी और तेंदूखेड़ा दिगम्बर जैन समाज द्वारा सभी पद यात्रियों का सम्मान किया गया। पैदल यात्रा करने जाने वालों में रत्नेश जैन छोटू कुंतल सेठ विपिन स्वदेशी संदीप सिंघई प्रतीक स्वदेशी विपुल स्वदेशी मुकेश बजाज अनिल स्वदेशी रितेश जैन दीपेश जैन सिंगपुर अनुराग जैन आशीष जैन अमन सेठ गोल्डी विवेक मोदी सुनील मरेठी प्रमुख रुप से शामिल थे।

## सीमांकन व नक्शा दुरूस्ती के लिए दी गई समझाइश

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** कलेक्टर रजनी सिंह ने जनसुनवाई में दिए गए निर्देशों के परिपालन में आवेदक ग्राम बंधा के पुरूषोत्तम पटेल की ग्राम चिल्का में स्थित भूमि का राजस्व विभाग के अमले द्वारा पुन- सीमांकन का कार्य किया गया। आवेदक के दो खसरा नंबरों में नक्शा व खसरे में विसंगति है, जिसमें वर्ष 2025 में भी सीमांकन का कार्य किया गया था। एक खसरे का सीमांकन पूर्ण किया गया, बाकी खसरों में नक्शा दुरूस्त करने की समझाइश दी गई। राजस्व विभाग द्वारा सीमांकन व नक्शा दुरूस्ती के लिए दी गई समझाइश से आवेदक व अन्य पड़ोसी कृषक संतुष्ट नजर आए। इस दौरान कलेक्टर रजनी सिंह ने बरमान कलां के गोपाल घाट में गुरूवार को मां नर्मदा जी का पूजन- अर्चन किया। उन्होंने मां नर्मदा जी से जिले की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की। इस तरह आवेदक पुरूषोत्तम पटेल की समस्या का समधान किया गया।

# अभा लेदर बाल क्रिकेट प्रतियोगिता विधायक कप का शुभारंभ

### पहला सेमी फाइनल मैच मथुरा और दिल्ली के बीच,लाईन्स क्रिकेट क्लब द्वारा खिलाड़ियों के लिए की गई बेहतर व्यवस्थाएं



**नवभारत/गाडरवारा ।** अखिल भारतीय लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता चेम्पियन ट्राफी 2026 लाईन्स क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में विधायक कप का शुभारंभ कॉलेज ग्राउंड, रुद्र मैदान पर किया गया । जिसमे प्रथम पुरुस्कार 2 लाख नगद व कप, स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह द्वारा, द्वितीय पुरुस्कार 1 लाख नगद व कप समाजसेवी योगेन्द्र कुमार, दिनेश कुमार मालपानी द्वारा, प्रत्येक मैच का मेन ऑफ द मैच - आकर्षक ट्राफी एवं नगद 21 सौ अन्नू शर्मा (ज्वारा) द्वारा, मेन ऑफ दी सीरीज 21 हजार चन्द्रकांत शर्मा भाजपा मंडल अध्यक्ष द्वारा दिया जा रहा है सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को स्वर्गीय कमल गुर्जर की स्मृति में पुरस्कार दिए जाएंगे । उद्घाटन मैच दिल्ली और चंडीगढ़ के बीच खेला गया । दिल्ली ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। चंडीगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 151 रन बनाए जवाबी पारी खेलते हुए दिल्ली ने लक्ष्य को प्राप्त करते हुए 7 विकेट खोकर 19 ओवर में 152रन बनाकर मैच जीत लिया । दिल्ली क्लब के बल्लेबाज मयंक मेन 43 बॉल में 57रन बनाकर मैन ऑफ द मैच हासिल किया इस मैच के अंपायर इशाक खान और देवेंद्र रजक रहे । रुद्र मैदान पर सभी अतिथियों एवं उपस्थित खिलाड़ियों ने राष्ट्रगीत का गायन किया । तत्पश्चात मैच का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैदान पर बैटिंग कर किया । सर्वप्रथम अतिथियों ने शंकर मंदिर में पूजा अर्चना के उपरांत लाईन्स क्रिकेट क्लब का ध्वज फहराया ।

मंचासीन अतिथियों में भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत शर्मा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष राव संदीप सिंह, सभापति आनंद दुबे सुरेंद्र गुर्जर सतीश कौरव पूर्व क्रिकेटर अरविंद जोशी गणमान्य जन मौजूद रहे ।

### कार्यक्रम का संचालन

प्रतियोगिता में दूसरे दिन मथुरा उत्तर प्रदेश जलगांव महाराष्ट्र के बीच मैच खेला गया । टॉस जीतकर जलगांव ने पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया इसके पूर्व बैडमिंटन क्लब के सभी सदस्यों ने दोनों टीमों खिलाड़ियों से रूबरू होकर उनका उत्साह बढ़ाया । मथुरा में पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 144 रन बनाए । जवाबी पारी खेलते हुए जलगांव 105 रन ही बना पाई और मथुरा उत्तर प्रदेश में 39 रन से मैच जीत लिया इस मैच का मैन ऑफ द मैच मथुरा टीम के राहुल को दिया गया जिन्होंने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 42 बाल में 9 चौके 1 चक्का की सहायता से 58 रन बनाए थे ।

## श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया



**नवभारत/करेली।** राम वार्ड में श्रीमद् भागवत कथा श्री पंडित पूर्णानंद महाराज के मुखारविंद से श्रवण कर रहे हैं. भक्तजन यजमान वासुदेव अमित पांडे आरती पांडे के निवास पर भागवत कथा में आज श्री कृष्ण जन्मोत्सव का भव्य आयोजन में नंदलाल जी के भेष में अंकित पांडे यशोदा निशा पांडे बनी। भगवान श्री कृष्ण की शोभायात्रा ढोल बाजे के साथ महिलाएं बच्चे भक्त जनों ने भजन कीर्तन व नाच गाने से दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। जुलूस नगर के मुख्य मार्ग से निकाला गया। श्रीमद् भागवत के चौथे दिवस में पंडित पूर्णानंद जी महाराज के अमृत वचन से कथा में कहा कि पुत्री के घर जाओ या मंदिर जाओ तो कुछ लेकर जाना चाहिए। उदाहरण में बताया कि पांडव द्रोपदी उस समय चिंतित थे जब उनके पास भोजन करने के लिए कुछ नहीं था तब भक्ति और श्रद्धा से फूल पत्ते देकर भगवान को अर्पित किए जिससे भगवान प्रसन्न हुए विपत्ति के समय द्रोपदी के चीर हरण में उन्होंने रक्षा की सच्ची भक्ति से तो भगवान भक्तों के जीवन का कल्याण उधर करते हैं।भागवत कथा को जो शांति श्रद्धा भाव से श्रवण करता है उसे जीवन से मुक्ति मिलती है ब्राह्मण अवतार में भगवान ने राजा बलि से तीन पद भूमि मांगी उस समय लक्ष्मी जी ने राजा बलि से कहा कि मैं तुम्हें अपना भाई बन बनाना चाहती हूं। राजा बलि ने स्वीकार किया और लक्ष्मी जी से रक्षा सूत्र बांधया तभी से भारत देश में रक्षा बंधन का त्यौहार मना कर भाई बहन का अटूट रिश्ता बनाया गया है भाई बहन की हमेशा रक्षा करता है कथा का श्रवण कर महिलाओं पुरुषों ने प्रसाद लेकर धर्म लाभ लिया।